लोक सुनवाई पर उठाए पीड़ित आदिवासियों ने सवाल, सौंपा ज्ञापन

कुकरेपानी में बनने वाले बांध में दस गांवों की जमीन डूबेगी, लोक सुनवाई हो रही है चोपना में, जो बहुत दूर है और डूब में भी आ रहा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शक्कर-पेंच लिंक संयुक्त परियोजना के पहले चरण के प्रस्तावित बांध निर्माण के सम्बंध में 1 जुलाई 2025 को प्रदूषण नियंत्रण मंडल लोकसुनवाई का आयोजन करने जा रहा है।

हर्रई ब्लॉक के ग्राम कुकरेपानी में बनने वाले इस बांध में लगभग 10 गांव की जमीन डूब में आ रही है। ज्ञात हो डूब से प्रभावित गांव अधिसूचित क्षेत्र है जो भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची में आते है ऐसे क्षेत्र में पेसा कानून का पालन होना चाहिये क्योंकि पेसा कानून का उद्देश्य ही आदिवासियों के हितों की रक्षा करने के लिए बना है। परन्तु वास्तविक स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है।

इस लोक सुनवाई के आयोजन स्थल को लेकर ग्रामवासियों में आक्रोश है उनका कहना है कि लोक सुनवाई ग्राम पंचायत चोपना में रखी गई है जो उनके गांव से लगभग 10-20 कि.मी. दूर पड़ता है तथा ग्राम चोपना की जमीन भी डूब में नहीं आ रही है।

डूब क्षेत्र के किसानों को वैसे ही उनकी जमीन जाने का डर सता रहा है वो लोग अपने आपको भयभीत महसूस कर रहे है उन्हें 10-20 कि.मी. दूर बुलाकर लोकसुनवाई करना उनको और भयभीत कर रहा है। गांव वालों का कहना पड़ रहा है कि उन्होंने उच्च न्यायलय में अपनी पीड़ा को याचिका के माध्यम से दायर की है परंतु आज तक सम्मानीय उत्तरवादिगणो ने उनका जवाब दाखिल नही किया।

ग्राम वासियों को उनके क्षेत्र से लगे 390 हेक्टर जंगल डूबने का डर भी सता रहा है डूब में आ रहे ग्रामीणों ने इस बात पर चिंता जताई कि जंगल डूबने से उनके क्षेत्र का पर्यावरण बिगड़ जायेगा, जंगल में वास कर रहे वन्य प्राणी अपने मूल वासस्थल से पलायन कर रहवासी क्षेत्रो में प्रवेश करने के लिए मजबूर हो जायेगे और ऐसी स्थिति में वे उग्र होकर मवेशियों एवं ग्रामीणों पर हमला कर सकते है। ग्राम वासियों का कहना है कि अभी वह लोग शुद्ध वातावरण में रह रहे है इतना बड़ा जंगल नष्ट होने से वातावरण की शुद्धता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा जलवायु में परिवर्तन होने से उनके स्वास्थ पर भी असर पड़ेगा। ग्रामवासियों का कहना है कि ठेकेदार कम्पनी के बाहर से आये अधिकारी उनके ऊपर अनुचित प्रशासनिक दबाव बनाते हैं। ऐसे में लोक जनसुनवाई आदिवासियों के लिए जी का जंजाल बनने जा रहीं हैं।

इसी तारतम्य में डूब प्रभावित ग्रामवासियों ने ज्ञापन सौंपकर जन सुनवाई पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौपने वालो में ग्राम कुंडाली से राम प्रकाश धुर्वे, विष्णु धुर्वे, आशाराम इनवाती, ग्राम सियाझिरी से मुनीम करवेति, हेतराम उइके, ग्राम-खाजरवानी से सुग्रीम, मंगलसी, हरिराम, ग्राम- कुकरेपानी से गेंदलाल, रामा आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण जन भारी बरसात में लगभग 100 कि.मी. की दूरी तय करके जिला मुख्यालय छिन्दवाड़ा में जिला मजिस्ट्रेट के नाम से 29 बिंदुओं पर ज्ञापन सौपे।

ई.आई.ए. मामलों के जानकार समाज सेवी जितेंद्र सिंह चौहान ने इस मामले में अपने विचार व्यक्त किये कि ई.आई.ए. नोटिफिक्केशन के प्रावधानों को नजर अंदाज करके लोकसुनवाई का आयोजन करना एक प्रकार से स्वच्छ पर्यावरण पर प्रहार कहलाता है इनका कहना पड़ता है कि ग्रामीणों की मांग को मान कर लोक सुनवाई को स्थगित कर देना चाहिये।

दादाजी धाम यात्रा में सांसद के साथ समाजसेवियों ने भी की शिरकत

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद विवेक बंटी साहू की 411 किलोमीटर लंबी पदयात्रा में कल छिंदवाड़ा जिले से जुड़े कई समाजसेवियों ने खंडवा जा रही दादाजी धाम यात्रा में पहुँचकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

समाजसेवीगणों ने युवा मित्र मंडल के साथ पहुँचकर श्रद्धा भावपूर्वक दादाजी के निशान की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू का पारंपरिक गमछा पहनाकर स्वागत किया गया एवं उपस्थित समाजसेवियों ने उनके साथ पदयात्रा में भाग लिया।

यात्रा मार्ग में दादाजी के जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपेश साहू, गणेश वर्मा, आस्थी साहू, कमलेश वर्मा एवं अखिल सूर्यवंशी, अमित सल्लाम, राही साहू, दीपक चौरे एवं जीत चोरिया, सत्येंद्र टेकाम आदि युवा उपस्थित यात्रा में उपस्थित थे।

सार-समाचार

केन्द्रीय चिकित्सालय में एक चिकित्सक एवं पांच कर्मचारी सेवानिवृत

परासिया, देशबन्धु। वेकोलि के केन्द्रीय चिकित्सालय बडकुही में कल एक जुलाई को एक चिकित्सक सहित 5 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जिसमें शल्य चिकित्सक सुशील कुमार द्विवेदी तथा कर्मचारी अहमद रिज़वी, मो. सगीर, राजेंद्र, नीता मालवीय एवं गीता राव के नाम शामिल है। सेवानिवृत होने वाले चिकित्सक एवं कर्मचारियों को चिकित्सालय में स्टाफ के द्वारा बिदाई दी गई। समारोह में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने पगड़ी एवं माला पहनाकर सभी का सम्मान किया। वहीं स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किए।

न्यूनतम बेलेंस न रहने पर भी शुल्क नहीं लेगा सेंट्रल बैंक

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुरना क्षेत्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख उत्कर्ष कुमार ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए अब बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि मिनिमम बेलेंस न रहने की स्थिति में भी कोई न्यूनतम बैलेंस शुल्क नहीं लिया जाएगा। क्षेत्रीय प्रमुख ने कहा कि बैंक का उद्देश्य हमेशा अपने ग्राहकों को सुविधाजनक और सरल बैंकिंग अनुभव प्रदान करना रहा है। इस निर्णय से खास तौर पर गरीब, ग्रामीण और छोटे खाताधारकों को राहत मिलेगी, जिन्हें कभी-कभी खाते में न्यूनतम राशि बनाए रखना मुश्किल होता था। उन्होंने कहा- हमारे बैंक की प्राथमिकता वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और ग्राहक हितों की रक्षा करना है। न्यूनतम शेष पर शुल्क समाप्त करने से लाखों ग्राहकों को फायदा होगा और वे बिना किसी चिंता के अपने खातों का उपयोग कर सकेंगे।

यह कदम बैंक की ग्राहक-केंद्रित नीति और समाज के हर वर्ग तक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैंक ने सभी शाखाओं को निर्देश दिया है कि वे ग्राहकों को इस सुविधा की जानकारी दें और इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से लागू करें। क्षेत्रीय प्रमुख ने बताया ग्राहकों यह सुविधा कल से 1 जुलाई शुरू हो जाएगी। ग्राहकों से अपील की गई है कि वे बैंक की इस पहल का लाभ उठाएँ और अपनी बैंकिंग जरूरतों के लिए बेझिझक सेवाओं का उपयोग करें।

जिले में खुले अनेक चिकित्सालय, लुट रहे है मरीज : उपाध्याय

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। समाजसेवी मुकेश उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि छिन्दवाड़ा जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहा था जिसमें अनेक फेकेल्टी बंद कर दी गई है लेकिन जिला मुख्यालय में अनेक चिकित्सकों ने अपने ऐसे क्लीनिक खोल रखे है जहां मनमानी मरीजों से लूटपाट की जा रही है। जांच के नाम पर न चाहते हुए भी जबरिया सोनोग्राफी, खून की जांच, सिटी स्केन, एक्स-रे कराया जाकर गरीब को लुटने के लिए मजबूर किया जाता है। शासकीय जिला चिकित्सालय में चिकित्सक टाईम पास कर अपने क्लीनिक में जाकर धड़ल्लें से बेरोकटोक बिना लिस्ट लगाऐं वसूली कर रहे है की जांच की मांग की गई है।

हुसैनी लंगर का आयोजन

गाडरवारा, देशबन्धु। मोहर्रम पर्व पर लंगर करना सबील शरबत पिलाना बहुत ही सबाब का काम है इन दिनों नगर में हुसैनी लंगर के आयोजन चल रहे है मोहर्रम की 3 तारीख को हजरत सैयद बाबा की दरगाह के सामने हाजी अजीज सोहागपुर वालो की जानिब से हुसैनी आम लंगर का आयोजन मगरिब की नमाज के बाद किया गया। सैकड़ो लोगों ने अकीदत के साथ लंगर में शामिल होकर सबाबे दारेन हासिल किया।

महापौर एवं निगम आयुक्त हुए सम्मानित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। वर्ष 2025 जिला छिंदवाड़ा के लिए सम्मान और पुरस्कारों का दौर है। शिक्षा का क्षेत्र हो, चिकित्सा का क्षेत्र हो, कृषि विभाग की बात हो, या फिर आम जनमानस का हो, लगातार प्रदेश के मुखिया द्वारा छिंदवाड़ा को उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त हो रहा है और यह सब संभव हुआ है जिले के संवेदनशील कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन, दूरदृष्टि वादी सोच एवं विकास परक रवैया के चलते।

अभी हाल ही में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल संचालन और क्रियान्वयन के लिए निगम आयुक्त सी.पी. राय एवं नगर पालिका निगम महापौर विक्रम अहके को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित करने की एक और उपलब्धि जुड़ गई है। यह सम्मान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान में नगर निगम छिंदवाड़ा में हुए उत्कृष्ट कार्यों के लिए महापौर विक्रम अहके और आयुक्त सी.पी. राय को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा खंडवा में आयोजित मुख्य समारोह अभियान के राज्य स्तरीय समापन समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल भी उपस्थित थे।

बता दें कि छिन्दवाड़ा जिला निश्चित रूप से अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा सतर्क और सजग रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में भी कलेक्टर छिन्दवाड़ा को राज्यपाल के हाथों मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सम्मानित किया जा चुका है। छिन्दवाड़ा स्वास्थ्य मातृत्व योजना में भी आगे बढ़ चढ़कर काम करने में अपनी अमिट छाप बनाई है।

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मातमी पर्व मोहर्रम के अवसर पर बच्चों ने बनाया ताजिया।

छाया : शेख अल्फाज

आदिवासियों से जल-जंगल-जमीन छीन रही है भाजपा सरकार : कांग्रेस

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा की सरकार का आदिवासी समाज पर अत्याचार पूरी गति से जारी है जिसके चलते आदिवासी समाज म.प्र. में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। जल, जंगल और जमीन के मूल बाशिंदे कहे जाने वाले आदिवासियों को भाजपा जमीन और जंगल से पूरी तरह बेदखल करने में आक्रामक ढंग से भिड़ चुकी है।

म.प्र. के प्रत्येक जिले में आदिवासियों की जमीनों को नियमों के विरुद्ध जाकर गैर आदिवासियों को बेचा जा रहा है और अब म.प्र. के ही देवास जिले के खातेगांव तहसील के एक ग्राम पंचायत खिवनी में वर्षों से निवासरत आदिवासी समुदाय के घरों को म.प्र. शासन वनविभाग द्वारा बुल्डोजर चलाकर जमींदोज किया जा रहा है, जिसके विरोध में जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ छिन्दवाड़ा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा और अविलम्ब आदिवासियों पर जारी अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की।

जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर सौंपा ज्ञापन, आदिवासियों पर अविलंब अत्याचार रोकने की मांग

कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा जिसमें उल्लेख किया कि 23 जून 2025 को पुलिस बल और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। वन विभाग के कर्मचारी द्वारा पीड़ित आदिवासी परिवार के साथ मारपीट एवं अमानवीय व्यवहार म.प्र. शासन के कर्मचारियों द्वारा किया गया, इसके पूर्व भी 14 जून 2025 को एक आदिवासी महिला के साथ वन विभाग के कर्मचारी द्वारा छेड़छाड़ की गई।

पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए ग्रामीणजनों और सामाजिक संगठनों ने स्थानीय थाने के सामने लगातार 10 घंटे धरना दिया इसके पश्चात 16 जून 2025 को आरोपी वनकर्मी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध की गई, किन्तु चिंताजनक बात यह है कि पीड़िता के पति पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का भी अपराध कायम किया गया। शासकीय नौकरी का दुरुपयोग करते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को फिर डराने की कोशिश की गई। उक्त वनकर्मी को तत्काल प्रभाव से महिला के साथ अभद्रता करने वाले वनकर्मी पर न्यायिक प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए सेवा से बर्खास्त किया जाए। वन विभाग के एक्ट 2006 और इंडियन फॉरेस्ट एक्ट 1927 के अनुसार आदिवासी समुदायों का जंगल पर अधिकार सुरक्षित है।

म.प्र. की भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा आदिवासी वर्ग पर अत्याचार व शोषण हो रहा है। प्रदेश में लगातार संवैधानिक तरीके से परंपरागत वन निवासियों को अपनी जमीन से बेदखल करने का षड्यंत्र चल रहा है। आदिवासी वर्ग ने हमेशा जंगल का संरक्षण किया है जिनका वनों के साथ परस्पर प्रेम का संबंध रहा है वन और आदिवासी हमेशा एक दूसरे के पूरक रहे हैं।

सरकार के दोगलेपन के कारण जंगलों में असली मालिक आदिवासियों को तरह-तरह के षड्यंत्र करके उन्हें अपनी ही जमीन से बेदखल करने का प्रयास वर्तमान भाजपा सरकार कर रही है।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामनारायण परतेती, धीरन शाह, शिवकुमार सिरसाम, किशोर उइके, ब्रजकुमारी सरेयाम, दशरथ उइके, स्नेह सरेयाम, रेखा उइके, दिलीप परतेती, कुलदीप धुर्वे, रोशन धुर्वे, रेखा अहिरवार, रमेश उइके, संतोष भारती, पप्पू यादव, नितिन उपाध्याय, कुलदीप धुर्वे, मनोज धुर्वे, संजयलाल सरयाम, अमित, वीरेन्द्र उइके, राजू तिरगाम, इंदिरा साहू, पूनम उइके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

प्री स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में छिन्दवाड़ा के निशानेबाजों ने निशाना साध कर हासिल की जीत

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। हाल ही में इंदौर में स्थित बी.एस.फ की रेवती रेंज पर 22 जून 2025 से 29 जून 2025 को दूसरी मध्यप्रदेश प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित हुई, जिसमें छिंदवाड़ा के चंदनगांव भरतादेव रोड़ पर स्थित अर्जुन शूटिंग एकेडमी पर प्रशिक्षण ले रहे कुल 23 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

संस्था के सेक्रेटरी रामकृष्ण शिवम बरकोरिया ने जानकारी दी कि एकेडमी के शूटर योग्य पाटोदी ने सब यूथ पुरुष जूनियर पुरुष एवं सीनियर पुरुष वर्ग के पीप साइट रायफ्ल इवेंट में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित कर 1 सिल्वर 2 ब्रिज पदक जीते है एवं राजवीर रजक, अरिहान सिंह, कुणाल वैष्णव, अंत्रिक्स बर्मन, समश आजमी, सिद्धार्थ डेहरिया, लक्ष्य डेहरिया, महिला रायफ्ल वर्ग से काजोल प्रजापति, हर्षि टंडेकर, महिला पिस्टल वर्ग से वैदेही भोयरकर, साक्षी बरकोरिया, वैष्णवी यादव, पुरुष बर्ग से पिटोल में आदित्य पतिंगे, कृषि श्रीवास्तव, शिवांश रघुवंशी, रेशम बावरिया, रूपेश भाड़े, पार्थ वर्मा ने स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के लिए सभी बच्चों ने क्वालिफाइड किया है।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष प्रणय बोन्डे एवं सचिव रामकृष्ण, शिवम बरकोरिय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा हम भविष्य में भी और अच्छे खिलाड़ी तैयार करके उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए मेडल लाने के लिए प्रेरित करेंगे और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में भी इसी तरह उपलब्धियां हासिल करने की कामना की है।

आज जारी होगी आईटीआई की दूसरी चयन सूची

छिन्दवाड़ा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य सी.बी. उईके ने बताया कि जिले में सभी शासकीय आई.टी.आई. में 21 व्यवसायों में प्रवेश होना है। प्रवेश लेने के लिये व्दितीय चयन सूची 01 जुलाई 2025 को जारी की जायेगी। प्रवेश लेने के लिये इच्छुक आवेदक 01 जुलाई 2025 से 04 जुलाई 2025 तक प्रवेश ले सकेंगे।

बालगृह में बच्चों से मिले न्यायाधीश, लगाया विधिक जागरूकता शिविर

बच्चों से चर्चा कर जानीं समस्याएं

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शहर के भरतादेव रोड स्थित जनमंगल संस्थान बालगृह का कल 30 जून 2025 को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार ने आकस्मिक निरीक्षण किया एवं बालगृह में निवासरत बच्चों से मुलाकात की।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री हुद्दार ने बच्चों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी तथा बालगृह के संचालक महेन्द्र खरे से भी बालगृह के संचालन तथा प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा बालगृह में बच्चों के संबंध में प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग आदि की ओर से आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में उन्हें अवगत कराने के लिए कहा।

साथ ही नालसा लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन योजना 2025 के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके तहत बालकों का देखरेख एवं संरक्षण कानून के संबंध में जानकारी दी गई।

इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के राकेश सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय कुमार खोब्रागड़े, बालगृह अधीक्षक तानेश्वर तुरकर उपस्थित थे। निरीक्षण उपरांत महेन्द्र खरे ने आऐं प्रधान न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा एवं उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

गुरु पूर्णिमा पर पीपलेश्वर मंदिर में होगी भागवत कथा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छिंदवाड़ा में भी अनेक धार्मिक कार्यक्रम होंगे इसी कड़ी में छिंदवाड़ा में जन सेवा हिताय संगठन द्वारा 10 जुलाई से 17 जुलाई 2025 गुरु पूर्णिमा एवं श्रावण मास के पावन अवसर पर स्थानीय पिपलेश्वर धाम शनि मंदिर में समिति एवं नगर वासियों के विशेष सहयोग से श्रीमद् भागवत शिव चर्चा एवं महारुद्राभिषेक रुद्राक्ष वितरण विशाल आयोजन किया जाएगा। जिससे शहर में धार्मिक वातावरण एवं ईश्वर कृपा बनी रहे।

आयोजन में राष्ट्रीय कथावाचक राकेशानंद महाराज का पावन सानिध्य नगर वासियों को प्राप्त होगा साथ ही दो दिवस विशेष शिव पुराण कथा प्रसिद्ध कथा वाचिका पूज्य देवी सौम्या के श्रीमुख से की जाएगी। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रात: काल 10 बजे से गुरु पूजन गुरु दीक्षा एवं दिव्य प्रवचन होंगे तत्पश्चात पूरे नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी।

जनसेवा हिताय संगठन की प्रमुख श्रीमती हर्षा बानोदे एवं मीडिया प्रभारी अखिल सूर्यवंशी ने बताया की कथा का सीधा प्रसारण महाराज जी के ऑफिशियल चैनल धर्म यात्रा पर किया जाएगा। इस आयोजन में जिले के सभी खास एवं आम जनमानस को विशेष निमंत्रण दिया गया है आयोजन के बीच में एक दिन वृक्षारोपण का भी आयोजन रखा गया है जिसमें महाराज श्री एवं जनसेवा हिताय संगठन द्वारा फ्लदर एवं छायादार वृक्ष लगाए जाएंगे

पूजाश्री ग्रुप के एमडी एवं सांसद के पिता का मनाया गया जन्मदिन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 30 जून को पूजाश्री ग्रुप के एम डी एवं सांसद विवेक बंटी साहू के पिताश्री नरेन्द्र कुमार साहू का 68 वां जन्मदिवस प्रात:कालीन टी क्लब के सदस्यों द्वारा बुके देकर तथा शुभकामनाऐं देकर धूमधाम से मनाया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई।

बता दें कि नरेन्द्र कुमार साहू अपने व्यवसाय के अलावा पर्यावरण प्रेमी, आयुर्वेद पौधों के जानकार है। आपके द्वारा हजारो की संख्या में वृक्षारोपण कर नि:शुल्क पौधे वितरण में अहम भूमिका निभाई। उनके जन्मदिवस पर टी क्लब के सदस्य वरिष्ठ एम.एम. सिंह सहित सभी साथियों ने एकजुट होकर ईश्वर से उनके स्वस्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की।

इस अवसर पर एस.एल. गढ़ेवाल, मुकेश खरे, मुकेश कुमार, एस.के. विश्वकर्मा, अरूण साहू, राममोहन साहू, प्रियंका सिंह, संतोष कुमार साहू, आर.एस. वर्मा सहित अन्य।

सार-समाचार

राजस्व विभाग के पटवारी को सेवानिवृति पर दी विदाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कल 30 जून को सुरेश सूर्यवंशी जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला छिंदवाड़ा राजस्व विभाग में पटवारी पद पर रहते हुए 37 वर्ष के सेवाकाल उपरांत सेवानिवृत्त हुए हैं, वर्तमान में वे पोआमा ग्राम में पदस्थ थे, वे जिले की परासिया, अमरवाड़ा, छिंदवाड़ा तहसील में पदस्थ रहे एवं शहर के विभिन्न हल्कों में सेवाएं दी। विगत 20 वर्षो से लगातार वे जिले के पटवारी संघ के अध्यक्ष रहे, सेवानिवृत्त के अवसर पर पटवारी संघ द्वारा निजी होटल में स्वागत समारोह का

आयोजन कर स्वागत किया गया व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं तहसील कार्यालय में समस्त तहसील स्टाफ के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया एवं उनके 37 वर्ष के शानदार कार्यकाल को याद किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थित पटवारी संघ भवन का निर्माण करवाना उनके कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि रही।

नगर निगम ने आठ कर्मचारियों की सेवानिवृति पर कार्यक्रम

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सोमवार को नगर निगम सभाकक्ष में निकाय के 08 कर्मचारियों के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में हरिराम बघेल सरानि, सत्येंद्र जैसवाल सरानि, हरिसिंह राठौर हेड फायरमैन, बसंत डेहरिया कार्य सहायक, घनश्याम सराठे स्वास्थ्य लिपिक, विनियमित कर्मचारी श्रीमती नासरा खान, प्रमोद माथुर एवं सुरेश मालवी को सेवा निवृत्ति पर पुष्प गुच्छ, फूल माला, शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में निगम के उपायुक्त आर.एस. बाथम, कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर, नगरपालिक निगम के कर्मचारी संघ इकाई अध्यक्ष एवं कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव, मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम कर्मचारी संघ प्रदेश सचिव सुनील राजपूत, जिला अध्यक्ष प्रशांत घोंगे, अटल नगरीय संघ के अध्यक्ष प्रीतम चौरिया, सफाई मजदूर संघ अध्यक्ष नीरज गोदरे, अटल नगरीय संघ के इकाई अध्यक्ष सुजीत नामदेव, स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी, राजस्व अधिकारी महेश साहू, राजकुमार पवार, दीपक पाटनकर, सुषमा माथुर, प्रीति दुबे, राजवीर सिंह, रोहित सूर्यवंशी, अभिनव तिवारी सहित सभी विभाग प्रमुख शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर समस्त कार्यालय स्टॉफ ने स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक द्वारा किया गया।

हुसैनी लंगर का हुआ आयोजन

बिछुआ, देशबन्धु। कल सोमवार 30 जून को बिछुआ बस स्टैंड पर के जी एन हुसैनी लंगर कमेटी द्वारा लंगर का आयोजन किया गया है। कमेटी के सदस्य हसीब खान के द्वारा बताया गया कि यह लंगर 27 जून 2025 से चालू किया गया है जो मोहर्रम कि तारीख 6/7/2025 तक चलेगा कमेटी में 30 सदस्य हैं जो इंतेज़ाम करते हैं और रोज सुबह पोहा एवं शाम को वेज पुलाव बंटते है यहां लंगर हर वर्ष बांटा जाता है।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष बने विनोद तिवारी आज से संभालेंगे टीम के साथ कार्यभार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेवा के क्षेत्र में सर्वोच्च कार्य करने बाली सामाजिक संस्था रोटरी क्लब अपनी अलग पहचान बना चुकी है जिसने पोलियो मुक्त भारत के लिए अग्रणी भूमिका निभाई है।

हर्ष की बात है की छिंदवाड़ा में रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा के नए अध्यक्ष के रूप में रोटेरियन विनोद तिवारी को वर्ष 2025-26 के बनाए गए है। श्री तिवारी इसके पूर्व रोटरी क्लब में दो बार सचिव के पद पर एवम लंबे समय से पीआरओ की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके है। आप राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद एवम पर्यावरण विद के रूप में सक्रिय योगदान दे रहे है। आप आज अपनी टीम के साथ एक जुलाई से अपने कार्यकाल का शुभारंभ करेंगे। वहीं क्लब सचिव के रूप में युवा साथी रोटे. निलेश गुप्ता बनाए गए है।

कोषाध्यक्ष के पद पर रोटे. रूपल अग्रवाल कार्य करेंगे। रोटरी क्लब के नई कार्यकारणी सभी रोटरी मेंबर्स के साथ सहयोग से वर्ष भर सामाजिक कार्यों में शिक्षा, स्वास्थ, स्वच्छता, ग्राम विकास पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, हैप्पी स्कूल, डाईलेसेस सेंटर संचालन, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, मार्चुरी वाक्स संचालन, मेडिकल इक्यूपमेंट बैंक, नेशन बिल्डर अवार्ड, रोटरी फेलोशिप, डिस्टिक लर्निंग सेमिनार, डिस्टिक सेमिनार सहित अनेकों सेवा भावी कार्य किए जावेगे।रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी अपनी रोटरी टीम के साथ एक जुलाई को रक्तदान शिविर से सेवा भावी कार्यों की शुरुआत कर रहे है।

निर्वाचन पर्यवेक्षक सहित तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कल 30 जून को जिलाध्यक्ष कार्यालय के निर्वाचन शाखा में पदस्थ सुधाकर कोल्हे पर्यवेक्षक अपनी आयु के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो गए।

इस अवसर पर लैब असिस्टेंट पी जी कालेज एवं प्रभारी जनगणना दशरथ यादव तथा कलेक्ट्रेट में ही पदस्थ भृत्य रमेश पाल सेवानिवृत्त हुए। तीनों कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति अवसर पर उन्हें निर्वाचन शाखा के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी बिदाई दी गई एवं उनके कार्यकाल की प्रशंसा की गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से इंटरनेशनल मास्टर ट्रेनर प्रो. पी.एन. सनेसर उपस्थित हुए और उन्हें सम्मानित करते हुए उनके कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर निर्वाचन शाखा के कर्मचारी श्री हिड़ाऊ सहित अन्य शाखा के पदस्थ कर्मचारी जिसमें सुधा शुक्रा एवं अन्य शामिल है उन्होंने पुष्प और बुके देकर उनका स्वागत करते हुए बिदाई दी गई। तदुपरांत उन्हें वाहन द्वारा उनके निवास स्थान तक सहकर्मियों द्वारा पहुंचाया गया।

बता दें कि निर्वाचन कार्यालय में पदस्थ सुधाकर कोल्हे के पश्चात वर्तमान में निर्वाचन पर्यवेक्षक नियुक्त नहीं किया गया है। शीघ्र ही इसकी प्रकिया पूरी किए जाने की संभावना बतायी जा रही है।

अमरवाड़ा की युवती की हैदराबाद में मौत

अमरवाड़ा, देशबन्धु। अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बड़ेला की रहने वाली युवती की हैदराबाद में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। युवती के परिजनों ने आरोप लगाया है की लड़की की हत्या की गई है। बताया जा रहा है कि युवती का गांव के ही संदीप चंद्रवंशी के साथ प्रेम प्रसंग था। दोनों ने शादी कर ली थी। जिसके बाद दोनों हैदराबाद चले गए थे और यही काम करते थे। शनिवार को संदीप चंद्रवंशी ने लड़की के भाई को फोन में बताया कि उसकी बहन ने आत्महत्या कर ली है। युवती के परिजनों का आरोप है की लड़की के पति संदीप ने उसकी हत्या की है। उसके बाद लड़की के परिजन ग्राम बड़ेला से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। इस मामले में अमरवाड़ा टी.आई. राजेंद्र धुर्वे का कहना है कि इस मामले की शिकायत अभी नहीं आई है, प्रकरण की जानकारी ली जाएगी।

ऐतिहासिक होंगे लालबाग के बादशाह की झांकी के दर्शन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आगामी 27 अगस्त को आने वाले गणेश उत्सव को तैयारी की शुरुआत कल 30 जुलाई को पट पूजन के साथ बादशाह के दरबार मे हुई। स्टार नवयुवक मंडल द्वारा स्थापित होने वाले भगवान श्री गणेश का यह 46 वर्ष होगा। मूर्ति का पट पूजन पंडित जितेंद्र तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं स्टार नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों की उपस्थिति में पूर्ण विधि विधान से संपन्न हुआ।

कलेक्टर ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 30 जून को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत आवश्यक तैयारी और दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और पूरी टीम को एक्टिव रखने के निर्देश दिए हैं।

पिछली टीएल बैठक में प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना के अंतर्गत जिले के किसानों और लाडली बहनों को प्रेरित कर जोड़ने के निर्देश दिए गए थे, परंतु इस दिशा में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छी योजना है, 18 से 40 वर्ष आयु के व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। 60 वर्ष की आयु के बाद 1000 से लेकर 5000 तक के पेंशन मिलेगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी जरूरतमंद लोगों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए इस योजना के बारे में उन्हें बताएं और प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ें।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में बताया कि जिला पिछली सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में भी ए ग्रेड के साथ टॉप 10 में रहा है, लेकिन इस बार हमें टॉप-5 के लिए प्रयास करना है। सभी विभाग सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और स्थायी समाधान पर फोकस करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समाधान केवल औपचारिक रूप से न हो, बल्कि प्रभावशाली, स्थायी और संतोषजनक हो।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए यह केंद्र शासन द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें काफी बड़ी राशि ऋण के रूप में सब्सिड़ी के साथ नव उद्यमियों को दी जाती है। उप संचालक उद्यानिकी विभाग इसके तहत अच्छे और बड़े प्रकरण तैयार करवाएं और हितग्राहियों को लाभान्वित करें। साथ ही लीड बैंक मंगाई को इन प्रकरणों की शीघ्र स्वीकृति और वितरण सुनिश्चित कराने को कहा है।

उन्होंने बताया कि योजना के क्रियान्वयन हेतु डी.आर.पी. की नियुक्ति आवश्यक है, परंतु जिले में वर्तमान में केवल एक डी.आर.पी. (डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन) कार्यरत है। अन्य डी.आर.पी. की नियुक्ति नहीं होने तक उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी और डी.पी.सी. जिला शिक्षा केंद्र से शासकीय स्कूलों में पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि डी.पी.सी., बी.आर.सी., सी.ए.सी. और संकुल प्राचार्य 10-10 विद्यालयों का दौरा कर भौतिक रूप से जांच करें कि क्या पुस्तकों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है और यह विद्यार्थियों तक पहुंच चुकी है ? अगली टी एल बैठक में इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त श्री सिंह ने शासकीय स्कूलों की सभी कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

सड़क सुरक्षा समिति की पिछली बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद अब भी कई स्थानों पर बसें अनियमित रूप से खड़ी की जा रही हैं। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने आर.टी.ओ., टी.आई. ट्रैफिक और डी.एस.पी. ट्रैफिक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा समिति में दिए गए निर्देशों को सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

कलेक्टर श्री सिंह ने पिछली बैठक में निर्देश देने के बाद भी जिले के प्रभारी मंत्री को भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों का जवाब अभी तक नहीं भेजने वाले विभाग प्रमुखों पर भी कड़ी नाराजगी जताई और वेतन रोकने के निर्देश दिए। एम.एल.बी. स्कूल छिंदवाड़ा के बालिका छात्रावास के अधूरे कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराते हुए सभी आवश्यक सामग्री के साथ हैंड ओवर करने के निर्देश पी.आई.यू. के अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने छात्रावास शुरू न होने के कारण बालिकाओं को हो रही असुविधा को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।

समय सीमा की बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, प्रभारी ए.डी.एम. श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, एस.डी.एम. छिंदवाड़ा सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल एवं आर.के. मेहरा, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य एस.डी.एम., तहसीलदार सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वी सी से जुड़े थे।